COLLEGE IN NEWS

जयपुर, बुधवार, 17 जनवरी 2024. 2

प्रो. केबी शर्मा ने सीएम से की भेंट

सिटी रिपोर्टर | एस.एस. जैन सुबोध स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.के.बी शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने कॉलेज की शैक्षणिक उपलब्धियों का संक्षिप्त ब्यौरा दिया। प्रो.शर्मा ने सुबोध शिक्षा समिति की तरफ से मुख्यमंत्री को स्मृति चिह्न भी भेंट किया। सीएम ने प्रो. शर्मा के शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय प्रयासों की प्रशंसा की।

निःशुल्क कैंसर जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

WELCOMES YOU
कैंसर जाँच आपके द्वार

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। एसएस जैन सुबोध पीजी महाविद्यालय में भगवान महावीर कैंसर चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को 'कैंसर जांच आपके द्वार' विषय पर निःशुल्क जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. केबी शर्मा ने बताया कि इस शिविर में करुणा शर्मा, डॉ. निर्मला महावर और डॉ. सुनील कुमार जैन और उनकी मेडिकल टीम द्वारा महाविद्यालय के 350 से अधिक संकाय सदस्यों का रजिस्ट्रेशन किया गया और सभी की निःशुल्क जांच की गई। उन्होंने बताया कि डॉक्टर टीम द्वारा मैमोग्राफी, पेप स्पेयर टेस्ट, एक्स-रे, सीए-25, पीसीए आदि की निःशुल्क जांच की गई। शिविर में डॉ. शेफाली जैन, डॉ. चित्रा राठौर, डॉ. नंदिनी शर्मा, डॉ. विशाल गौतम, कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, डॉ. बाबूलाल शर्मा सहित संकाय सदस्यों ने सहयोग किया।

समाज सेवा की भावना हर युवा में होनी चाहिएः डॉ जोशी

जयपुर. शाबाश इंडिया। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष डॉ सी पी जोशी ने कहा कि युवा पीढ़ी में समाज सेवा की भावना होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि देश हमारा है, देश का निर्माण करना है। राष्ट्रीय सेवा योजना का विस्तार देश की प्रगति के लिए आवश्यक है। राजस्थान विधानसभा में अध्यक्ष से राष्ट्रीय सेवा योजना के पदाधिकारियों ने मुलाकात की। राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से डॉ जोशी का पौधा देकर और साफा, शॉल पहनाकर सम्मान किया गया। इस मौके पर उच्च शिक्षा मंत्री राजेंद्र यादव, विधायक नरेंद्र बुडानिया, विधानसभा के प्रमुख सचिव, महावीर प्रसाद शर्मा भी मौजूद थे। राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निर्देशक एस पी भटनागर, ने राष्ट्रीय कार्यक्रम की जानकारी दी डॉ धर्मेंद्र सिंह चाहर, राज्य संपर्क अधिकारी, शासन सचिवालय ने सभी का धन्यवाद दिया। विधान सभा अध्यक्ष डॉ सी पी जोशी ने डॉक्टर सरोज मीणा(राष्ट्रपति अवॉर्डी) डॉ विशाल गौतम कंटिजेंट लीडर, राजस्थान गणतंत्र दिवस परेड शिविर, नई दिल्ली, मनीष बैरवा (राष्ट्रपति अवॉर्डी) रिनीका कंवर, रिया कुमारी, ललित तिवारी को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उल्टी गिनती दिवस श्रृंखला में किया योग

जयपुर. शाबाश इंडिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में योग को जन-जन तक पहुंचाने हेतु योग दिवस, 2023 से पूर्व 100 दिवस का काउंटर कार्यक्रम देशभर में शुरू हो चुका है। इसी को ध्यान में रखते हुए मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 2 मई 2023 को भवानी निकेतन स्कूल, सीकर रोड, जयपुर में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम संपन्न हुआ। डॉ विशाल गौतम, कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, सुबोध महाविद्यालय के निर्देशन में इस सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में करीब 90 से अधिक स्वयंसेवकों ने योग किया। इस योग महोत्सव में करीब 15,000 से अधिक लोग सम्मिलित हुए। स्वयंसेवकों में रिया कुमारी, शिवम पारीक, अक्षय मौर्य, जय गौतम, शुभम गौतम, प्रत्यूष जैन, नेहा शर्मा, रिया चौधरी सहित बहुत से स्वयंसेवकों ने योग किया। डॉ विशाल गौतम ने इस कार्यक्रम में लोगों को योग के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा की योग मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रखता है, इसलिए अधिक से अधिक योग करना चाहिए।

लोकतंत्र में भागीदारी के लिए स्वीप टीम ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया

मतदाता जागरूकता अभियान

जयपुर. शाबाश इंडिया

एस एस जैन सुबोध पीजी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों द्वारा स्वीप कार्यक्रम एवं सतरंगी सप्ताह के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चुनाव आयोग के आदेश अनुसार स्वीप टीम द्वारा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को लोकतंत्र के महत्व के बारे में बताया गया और उन्हें वीडियो के माध्यम से वोट के प्रति जागरूक किया। कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर के बी शर्मा ने बताया कहा कि मताधिकार का प्रयोग जरूरी है। आप सभी वोट करें। उम्र 18 पूरी है, वोट देना जरूरी है। जैसे बहुत से कथनों के द्वारा छात्रों में लोकतंत्र के प्रति उत्साह भरा। कार्यक्रम में डॉ विशाल गौतम, कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, डॉ बाबूलाल शर्मा, अक्षय कुमार मौर्य, रिया कुमारी, मोहित शर्मा, रिया चौधरी, खुशी शर्मा, राशि चौधरी सहित बहुत से स्वयंसेवकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

'मेरी माटी-मेरा देश' अभियान के तहत किया पौधारोपेण

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर



एसएस जैन सुबोध पीजी महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से 'मेरी माटी-मेरा देश' के अंतर्गत 'एक पेड़ देश के नाम', संदेश के साथ प्राचार्य प्रो. केबी शर्मा, एसपी भटनागर, क्षेत्रीय निदेशक राष्ट्रीय सेवा योजना, डॉ स्निग्धा शर्मा, प्राचार्य जयपुर महाविद्यालय, जिला समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा गांधी नगर क्लब जयपुर में वृहद पौधारोपण अभियान संचालित किया गया। इसके तहत 'माटी को नमन, वीरों का वंदन' भाव से औषधीय और छायादार 75 पौधे महाविद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में लगाएं, साथ ही उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित भी किया। इस अवसर पर पंच प्राण शपथ भी ली और एक्स आर्मी के सदस्य राजेंद्र सिंह को भी सम्मानित किया गया। इस अभियान में महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विशाल गौतम, डॉ. बाबूलाल शर्मा, डॉ. पवन शर्मा सहित एनएसएस के कार्यकर्ता शामिल हुए।

युवा भारत : विकसित भारत विषय पर कार्यशाला का आयोजन

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा
एस एस जैन सुबोध पी.जी महाविद्यालय, जयपुर

जयपुर. शाबाश इंडिया। 12 जनवरी 2024 की स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर युवा भारत विकसित भारत विषय पर वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय और एस एस जैन सुबोध पी जी महाविद्यालय, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो के बी शर्मा ने बताया की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर राजेश शर्मा, निदेशक, गांधी अध्ययन केंद्र, राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर तथा अध्यक्ष एस पी भटनागर क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना, जयपुर, राजस्थान एवं कार्यशाला संयोजक डॉ अकबर अली, क्षेत्रीय निदेशक, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा थे। भारत युवाओं का देश है और भारत में 47 प्रतिशत आबादी युवाओं के रूप में है। उन्होंने सभी छात्रों को कहा कि उन्हें सुखद भारत के भविष्य में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करनी चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर राजेश शर्मा ने बताया कि युवाओं को बताया कि आप अपने अंदर सकारात्मक रूप से ऊर्जा ग्रहण करें तथा नकारात्मक बातों को अपने-अपनी दिनचर्या से निकाल दें। उन्होंने कहा की युवाओं को समय का विशेष ध्यान रखना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एस पी भटनागर ने बताया कि भारत सरकार द्वारा गवर्नमेंट पोर्टल के माध्यम से भारत के सभी युवाओं को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे सभी युवाओं को एक ही पोर्टल पर सारी जानकारी उपलब्ध कराई जा सके। कार्यशाला के संयोजक डॉ अकबर अली ने बताया कि युवाओं को मानसिक शांति के लिए कड़ी से कड़ी मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने कहा विकसित भारत के लिए भारत का युवा होना अत्यंत आवश्यक है।

राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रमुख उद्देश्य व्यक्तित्व का विकास करना : प्रो. कटेजा



मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। सुबोध स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारत सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय की ओर से क्षेत्रीय निदेशालय, राष्ट्रीय सेवा योजना जयपुर एवं एस.एस. जैन सुबोध महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा रही। वहीं प्रो. आरएन शर्मा, एनएसएस को-ऑर्डिनेटर, राजस्थान विश्वविद्यालय, गोपाल सैनी, अर्जुन अवॉर्डी, प्रो. आनंद वर्धन वी.सी. मेवाड़ यूनिवर्सिटी, एस.पी. भटनागर, क्षेत्रीय निदेशक, एनएसएस राजस्थान थे। इस कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों से स्वयंसेवक एवं कार्यक्रम अधिकारी और महाविद्यालय संकाय सदस्य उपस्थित रहे। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. केबी शर्मा ने राज्यभर से पधारे एनएसएस के वॉलिंटियर्स और प्रोग्राम ऑफीसर्स, महाविद्यालय संकाय सदस्यों का स्वागत किया।

मुख्य अतिथि प्रो. अल्पना कटेजा ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रमुख उद्देश्य व्यक्तित्व का विकास करना तथा समाज में रहने वाले जरूरतमंदों और बेसहारा तथा असमर्थ व्यक्तियों की सहायता करके उनको समर्थ बनाना है, इसीलिए यह कार्यक्रम इसकी पारदर्शिता को दर्शाता है। इसी कार्यक्रम में उपस्थित गोपाल सैनी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा देश और राष्ट्र के प्रति प्रेम की भावना जागृत कर सकते हैं। क्षेत्रीय निदेशक एसपी भटनागर ने बताया कि प्रति वर्ष भारत सरकार द्वारा देश में स्वच्छ भारत अभियान, राष्ट्रीय एकता दिवस, खादी महोत्सव और फिट इंडिया का आयोजन करती है। इस साल भी एनएसएस ईकाइयां इन कार्यक्रमों के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर रही हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का ध्येय वाक्य "मैं नहीं आप" इसी को चरितार्थ करने हेतु यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

51 परिंडे लगाकर परिंडा महोत्सव की शुरुआत

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। एसएस जैन सुबोध पीजी महाविद्यालय, जयपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने राधा रानी फाउंडेशन के साथ मिलकर डॉ विशाल गौतम (कार्यक्रम अधिकारी), जितेंद्र धाकड़ (अध्यक्ष), अमोलक बैरवा(उपाध्यक्ष) एवं रितिका मीणा (महासचिव) के निर्देशन में पक्षी मित्र अभियान से जुड़कर राजस्थान जैन मंच पक्षी चिकित्सालय के सहयोग से गर्मियों की शुरुआत के साथ ही प्यासे पक्षियों की सहायता हेतु झालाना लैपर्ड सेंचुरी एवं काली माता मंदिर परिसर में 51 परिंडे लगाकर परिंडा महोत्सव की शुरुआत की। इस अभियान के तहत पूरी गर्मियों में अलग-अलग स्थानों पर लगभग 500 परिंडे लगाकर उनकी देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसपी भटनागर (क्षेत्रीय निदेशक एन एस एस राजस्थान), कमल लोचन (सचिव, राजस्थान जैन मंच) डॉ पवन शर्मा, डॉ राजेंद्र प्रसाद मीणा,डॉ राधा कृष्ण एवं डॉ सुधीर वर्मा उपस्थित रहे। शिविर में सोनिया मीणा, अक्षय कुमार मौर्य,शुभम पारीक के साथ सभी स्वयंसेवको का योगदान रहा।

संभाग स्तरीय चयन शिविर आयोजित

राजस्थान दर्शन

जयपुर। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय जयपुर की तरफ से उत्तर क्षेत्रीय राष्ट्रीय सेवा योजना पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर के लिए एसएस जैन सुबोध पीजी महाविद्यालय में संभाग स्तरीय चयन शिविर आयोजित किया गया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. के.बी. शर्मा ने बताया कि इस शिविर में जयपुर, दौसा, सीकर, झुंझुनू, अलवर जिलों से विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक शामिल हुए। राष्ट्रीय सेवा योजना जयपुर के क्षेत्रीय निदेशक एस.पी. भटनागर ने बताया कि इस चयन शिविर में विभिन्न जिलों से आए हुए स्वयंसेवकों का चयन उनकी परेड, शारीरिक दक्षता, सांस्कृतिक प्रस्तुति और सामान्य ज्ञान के आधार पर भारत सरकार की तरफ से निर्धारित चयन समिति द्वारा किया गया। चयन समिति में कोमल सिंह, युवा सहायक, राष्ट्रीय सेवा योजना, जयपुर राजस्थान, दिनेश गुप्ता सांख्यिकी अधिकारी शिक्षा ग्रुप, शासन सचिवालय, डॉ हरभजन सिंह, एएनओ, सुबोध कॉलेज, डॉ आंचल पुरी, सहायक आचार्य कनोडिया कॉलेज, डॉ विशाल गौतम, कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, सुबोध कॉलेज शामिल रहे। चयन समिति द्वारा विभिन्न प्रतिभागियों का चयन उनके द्वारा दिए गए प्रदर्शन के आधार पर किया गया। राजस्थान राज्य के कुल 2 लाख बीस हजार राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों में से चयनित 60 छात्राएं, दो कार्यक्रम अधिकारियों के नेतृत्व में एसएम पीजी महाविद्यालय, फतेहाबाद, हरियाणा में 25 अक्टूबर से 3 नवंबर तक आयोजित होने वाले उत्तर क्षेत्रीय राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे।

एनएसएस का राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न



[illegible]

नगर निगम की ओर से कार्यक्रम

'शहर को स्वच्छ व सुंदर रखने में आमजन का सहयोग जरूरी'

जयपुर @ पत्रिका. एसएस. वर्ल्ड अर्थ डे के उपलक्ष्य में नगर निगम ग्रेटर के मालवीय नगर जोन की ओर से 'क्लीन-अ-थोन' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। औबेक्स सर्किल से आरटीओ चौराहा तक सफाई अभियान चलाकर लोगों ने श्रमदान किया। कार्यक्रम में शहर के स्कूल-कॉलेज, निजी हॉस्पिटल, एनर्जी ग्रुप आदि ने हिस्सा लिया। अभियान के दौरान नगर निगम ग्रेटर जयपुर की उपायुक्त कमिश्नर रुक्मणी रियार ने पुष्पाबाई को ब्रांड एम्बेसेडर बनाया। साथ ही पांच कैंपेन प्रोग्राम लॉन्च कर लोगों को शहर को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई गई। रियार ने कहा कि शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के लिए आमजन का सहयोग आवश्यक है। आमजन स्वच्छता की जिम्मेदारी समझें और निभाएं। मालवीय नगर जोन की उपायुक्त अर्शदीप बरार ने कई अभियानों के बारे में जानका [illegible]

पोंग बांध, हिमाचल प्रदेश में राजस्थान की टीम ने चलाया स्वच्छ भारत अभियान

जयपुर. शाबाश इंडिया। अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं सम्बन्धित खेल संस्थान, मनाली (हिमाचल प्रदेश) (जल खेल), पोंग बांध प्रशिक्षण केंद्र परिसर में राजस्थान की टीम ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत डॉ. विशाल गौतम, कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना के निर्देशन में अटल बिहारी पोंग बांध प्रशिक्षण केंद्र परिसर में पोंग बांध के आस-पास की सफाई - सफाई की तथा 70 किलो प्लास्टिक एकत्रित की। डॉ विशाल गौतम के साथ साथ अक्षय कुमार मौर्य, जय गौतम, अशोक कुमार चौधरी, अनुज शर्मा, शुभम गौतम, रिया चौधरी, [illegible] ने इस पुनीत कार्य में सहभागिता की।

मनाली में चलाया गया स्वच्छ भारत अभियान 2.0

मनाली/जयपुर. शाबाश इंडिया। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टिट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड एलाइड स्पोर्ट्स मनाली, सोलंग (हिमाचल प्रदेश) में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों के लिए साहसिक शिविर 14 अक्टूबर से 23 अक्टूबर 2023 तक आयोजित किया गया। [illegible]

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने चलाया यातायात सतर्कता कार्यक्रम

जयपुर. शाबाश इंडिया

[illegible]

'मेरी माटी-मेरा देश' अभियान के तहत किया पौधारोपेण

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर

एसएस जैन सुबोध पीजी महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से 'मेरी माटी-मेरा देश' के अंतर्गत 'एक पेड़ देश के नाम', संदेश के साथ प्राचार्य प्रो. केबी शर्मा, एसपी भटनागर, क्षेत्रीय निदेशक राष्ट्रीय सेवा योजना, डॉ स्निग्धा शर्मा, प्राचार्य जयपुर महाविद्यालय, जिला समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा गांधी नगर क्लब जयपुर में वृहद पौधारोपण अभियान संचालित किया गया। इसके तहत 'माटी को नमन, वीरों का वंदन' भाव से औषधीय और छायादार 75 पौधे महाविद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में लगाएं, साथ ही उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित भी किया। इस अवसर पर पंच प्राण शपथ भी ली और एक्स आर्मी के सदस्य राजेंद्र सिंह को भी सम्मानित किया गया। इस अभियान में महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विशाल गौतम, डॉ. बाबूलाल शर्मा, डॉ. पवन शर्मा सहित एनएसएस के कार्यकर्ता शामिल हुए।

नेत्र जांच शिविर आयोजित

जयपुर. शाबाश इंडिया

एस एस जैन सुबोध पी जी ऑटोनोमस महाविद्यालय जयपुर मे महाविद्यालय की "राष्ट्रीय सेवा योजना" इकाई की और से एक निःशुल्क नेत्रदान जाँच शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन ऑप्टिक गेलैक्सी के तत्वाधान मे किया गया। जिसके अंतर्गत विभिन्न स्वंय सेवक एंव स्वयं सेविकाओं ने अपने नेत्र की जाँच करायी। साथ ही साथ महाविद्यालय के अन्य अध्यापक गणों ने भी अपने नेत्रों की जाँच करायी इस जाँच शिविर मे लगभग 265 स्वयं सेवकों ने भाग लिया। निशुल्क नेत्रदान जाँच शिविर महाविद्यालय के प्राचार्य जी महोदय प्रो. के. बी. शर्मा जी ने स्वयं सेवकों को अपने विचारों से लाभावित किया। और उन्होंने बताया की डॉ. अंकिता यादव, नेत्र विशेषज्ञ ने नेत्र परीक्षण किया। शिविर के दौरान (राष्ट्रीय सेवा योजना) के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पवन शर्मा, डॉ विशाल गौतम, डॉ बाबूलाल शर्मा, डॉ. लोकेश जैन आदि उपस्थित थे। स्वयं सेवक के रूप मे शुभम पारीक, रिया कुमारी, जय गौतम, शुभम गौतम, राशि चौधरी, नेह [illegible] पारीक, शुभम कश्यप, रुद्राक्ष शर्मा, खुशी शर्मा, आकांक्षा शर्मा, आदि [illegible] अपनी सेवाएं दी।

उत्तर क्षेत्रीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन शिविर का आयोजन

बच्चों ने पेश किए रंगारंग कार्यक्रम

Pre Republic Day Tour Camp

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय जयपुर, राजस्थान के द्वारा उत्तर क्षेत्रीय राष्ट्रीय सेवा योजना पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर के लिए एसएस जैन सुबोध पीजी महाविद्यालय जयपुर में संभाग स्तरीय चयन शिविर आयोजित किया गया।

प्राचार्य प्रो. केबी शर्मा ने बताया कि इस शिविर में जयपुर, दौसा, सीकर, झुंझुनूं, अलवर जिलों से विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के रा.से.यो के स्वयंसेवक सम्मिलित हुए। एसपी भटनागर, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना, जयपुर राजस्थान ने बताया इस चयन शिविर में विभिन्न जिलों से आए हुए स्वयंसेवकों का चयन उनकी परेड, शारीरिक दक्षता, सांस्कृतिक प्रस्तुति और सामान्य ज्ञान के आधार पर भारत सरकार द्वारा निर्धारित चयन समिति द्वारा किया गया।

चयन समिति में कोमल सिंह, दिनेश गुप्ता, डॉ. हरभजन सिंह, डॉ. आंचल पुरी, सहायक आचार्य कनोडिया कॉलेज, डॉ. विशाल गौतम शामिल थे। चयन समिति द्वारा विभिन्न प्रतिभागियों का चयन उनके द्वारा दिए गए प्रदर्शन के आधार पर किया गया। राजस्थान राज्य के कुल 2 लाख बीस हजार एनएसएस स्वयंसेवकों में से चयनित 60 छात्राएं, दो कार्यक्रम अधिकारियों के नेतृत्व में एसएम पीजी महाविद्यालय, फतेहाबाद, हरियाणा में 25 अक्टूबर से 3 नवंबर 2023 तक आयोजित होने वाले उत्तर क्षेत्रीय एनएसएस पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे।

पर्यावरण और जीव जंतु संरक्षण की शपथ लेकर मनाया विश्व पृथ्वी दिवस

[illegible]

सुबोध महाविद्यालय में चलाया परिंडा लगाओ अभियान

[illegible]

राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रमुख उद्देश्य व्यक्तित्व का विकास करना: प्रो. अल्पना कटेजा

वन्य जीव संरक्षण का दिया प्रशिक्षण

[illegible]